# ऋषभदेव में आठ इंच बारिश दर्ज, हाईवे पर पांच-पांच फीट पानी भरा

## पानी जमा होने के कारण उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे छः घंटे तक जाम रहा

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में 10 दिनों में हुई बारिश ने शहर के झीलों की सूरत ही बदलकर रख दी है। उदयपुर शहर की प्रमुख झीलें व नदी-तालाब इस बार मानसूनी चक्र के बीतते माह के बीच छलकने की राह देख रहे थे। वहीं 24 अगस्त को मौसम विभाग के अलर्ट के बीच शुरू हुई बारिश ने नदी-नालों को उफान पर ला दिया और उसके बाद दो दिन से हो रही बारिश ने इस ऊफान को 'ओवरफ्लो' कर दिया। शहर की सीसारमा नदी 10 फीट के वेग से बह रही है। वहीं शहर की फतहसागर झील भी छलकने से अब केवल ढाई फीट खाली है। मदार नहर व रानी रोड़ हवाला गांव से आ रही नहर से इसमें दो तरफा आवक हो रही है और बीते 36 घंटों में इसमें सवा दो फीट पानी की आवक हुई है।


उदयपुर की स्वरूपसागर के चारों गेट दो-दो फीट खोले।

जानकारी के अनुसार मुख्यालय से 15 किमी दूरी पर कोडियात रोड़ पर स्थित मोरवानिया पुलिया पानी के बहाव के साथ बह गई जिससे उभयेश्वर व अन्य गांवों का सम्पर्क टूट गया। वहीं ऋषभदेव में हुई 8 इंच (202 मिमी) बारिश से उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर केसरियाजी के समीप हाइवे पर पांच-पांच फीट पानी जमा होने से यह छह घंटे जाम रहा। शाम तक जाम की स्थिति साफ हुई और यातायात सुचारू हुआ। इधर, शहर का सबसे बड़ा 32 फीट क्षमता वाला बड़ी तालाब छलकने के करीब है। इसमें तेजी से हो रही आवक के चलते यह देर रात छलक सकता है।

शहर में मानसून के दो माह बेरूखी के बितने के बाद 24 अगस्त से बारिश की शुरूआत हुई और इस बारिश ने बूस्टर डोज के रूप में झीलों में पानी की आवक शुरू करवाई। सीसारमा नदी के चलने के साथ पीछोला का जलस्तर


- मोरवानिया पुलिया पानी के बहाव में बह गई, जिससे उभयेश्वर व अन्य गांवों का सम्पर्क टूटा
- पीछोला झील के छलकने से ओवरफ्लो हुए स्वरूपसागर पर दूसरे दिन भी चादर चल रही है

लगातार बढ़ता रहा और अलर्ट की इस अनवरत बारिश ने मदार नहर को भी 28 अगस्त को चला दिया। हल्की आवक के साथ शुरू हुआ फतहसागर भरने का क्रम अब तेजी से फतह की ओर बढ़ रहा है। झील का जलस्तर शाम पांच बजे तक 11 फीट 6 इंच हो गया। इसमें बीते 36 घंटे में सवा दो फीट पानी आया है। यहीं आवक बनी रही तो यह झील शनिवार तक छलक सकती है। इधर कोडियात रोड़ स्थित मोरवानिया से बड़ी तालाब में तेजी से आवक हुई और सुबह साढ़े तीन फीट खाली बड़ी तालाब शाम तक छलकने से केवल दो इंच दूर रह गया। यह तालाब आज रात या गुरूवार सुबह तक छलक जाएगा। मोरवानिया तालाब की पुलियां टूटने से इसके आसपास के गांव उभयेश्वर आदि का सम्पर्क टूट गया।

पीछोला झील के छलकने से ओवरफ्लो हुए स्वरूपसागर पर दूसरे दिन भी चादर चल रही है। सीसारमा नदी का वेग कम होने के बाद देर रात हुई बारिश ने इसका वेग बुधवार सुबह फिर बढ़ा दिया और यह 13 फीट क्षमता से बहने लगी जो शाम तक 10 फीट तक बह रही है। इससे हो रही तेजी से आवक को स्वरूपसागर के चारों गेट को दो-दो फीट खोलकर आयड़ नदी में प्रवाहित कर उदयसागर झील में समाहित किया जा रहा है। उदयसागर के दोनो गेट 7-7 फीट खुले हुए है। प्रातः 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में 43 मिमी, देवास स्टेज प्रथम पर सर्वाधिक 70 मिमी, मदार 47, नाई 40, वल्लभनगर में 22 व उदयसागर पर 18 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई।

# माही डेम के गेट खोलने के बाद बेणेश्वर धाम टापू बना

## सोमकमला आंबा बांध के गेट संख्या 1, 2, 12 और 13 को आधा-आधा इंच खोला, 15940 क्यूसेक पानी की निकासी जारी


संभाग का सबसे बड़ा सोमकमला आम्बा बांध के भराव क्षमता को पूर्ण होने पर गेट खोले गये।

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर में तीन दिन से रुक-रुक कर बारिश का दौर चल रहा है। जिले के छोटे-बड़े बांध, तालाब छलकने लगे हैं। जिले के सबसे बड़े सोमकमला आंबा बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं। बांसवाड़ा के माही डेम के गेट खोलने के बाद बेणेश्वर धाम फिर से टापू बन गया है। जिले के 10 बांधों पर पानी की चादर चल रही है।

जिले में मंगलवार रातभर रुक-रुक कर हल्की और रिमझिम बरसात का दौर चलता रहा। बुधवार सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे और हल्की रिमझिम बारिश हुई। वहीं बरसात के चलते जिले के सबसे बड़े सोमकमला आंबा बांध के मंगलवार शाम के समय दो गेट खोले गए थे, लेकिन डेम में पानी की आवक बढ़ने की वजह से देर रात को 2 गेट और खोल दिए गए। डेम के अभी गेट संख्या 1, 2, 12 और 13 को आधा-आधा इंच खोला गया है।

चारों गेट से 15 हजार 940 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। डेम में सोम कागदर देव सोमनाथ और गोमती नदी से 10 हजार 138 क्यूसेक पानी की आवक चल रही है। जिले के मारगिया अमरपुरा, वात्रक आकरसोल का नाका, भादर सहित 10 डेम पर पानी की चादर चल रही है।

सोमकमला बांध के साथ ही बांसवाड़ा के माही डेम के भी 4 गेट खुले होने से प्रसिद्ध आस्था के केंद्र बेणेश्वर धाम टापू बन गया है। साबला, वालाई और बांसवाड़ा के तीनों पुलिया पर 3 से 5 फीट तक पानी बह रहा है। इससे धाम टापू बन गया है। पुजारी सहित कुछ व्यापारी फंसे हुए हैं, हालांकि उनके खाने पीने और ठहरने के तमाम इंतजाम धाम पर हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन की ओर से धाम पर आने-जाने वाले लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार बुधवार सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक बारिश आसपुर में 2 इंच रिकॉर्ड की गई है। डूंगरपुर में 4, देवल में 6, फलोज में 6, कनबा में 10, सागवाड़ा और ओबरी में 3, गलियाकोट में 4, चिखली में 8, गणेशपुर में 33, बनकोड़ा में 2, साबला में 2, निठाउवा में 15, गामडी अहाड्डा में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# हिण्डौन में सवा चार इंच बारिश दर्ज, बाजार जलमग्न हुये


हिण्डौनसिटी में तेज बरसात से कई जगह पानी भर गया।

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन शहर सहित आसपास के क्षेत्र में दो सप्ताह से अधिक समय तक चले झमाझम बारिश के दौर से जलमग्न हुए बाजारों में रौनक लौटने लगी थी, तो वहीं बुधवार शाम अचानक फिर से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ। करीब एक घंटे तक चली इस बारिश से बाजार फिर से जलमग्न हो गए।

जानकारी के अनुसार डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश में लगभग सवा चार इंच बारिश दर्ज हुई। इधर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी बारिश हुई, जिससे खेत लबालब हो गए। किसानों का कहना है कि गत एक महीने से चल रही इस बारिश के दौर से बाजरे की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। इस दौरान शहर के बाजारों में 4 से 5 फीट पानी भर गया। रास्ते ही नहीं सैकड़ों दुकानें भी लबालब हो गई और व्यापारियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। 17 दिन तक कटरा बाजार, कंबलवाल गली, शीतला चौराहा, डेंप रोड, सर्राफा बाजार आदि क्षेत्र में दुकानें पूरी तरह बंद रही।

# जोधपुर में मूसलाधार बारिश, कई गाड़ियां पानी में बही

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेशभर में दक्षिण-पश्चिमी मानसून फिर से सक्रिय होने के साथ जोधपुर में जमकर बारिश हो रही है। औसत से कई ज्यादा बारिश इस बार में मानसून में हो चुकी है। अभी इसका प्रभाव सितंबर माह तक रहने के आसार है। मारवाड़ में भी इस बार मानसून काफी मेहरबान रहा है। लगातार बारिश से खेतों में पहले से भरा पानी सूखने का नाम नहीं ले रहा है। मारवाड़ के कई हिस्सों में मंगलवार की रात से ही बादल टूटकर बरस रहे है। बुधवार को जोधपुर शहर और ग्रामीण इलाकों में डेढ़ से दो घंटे तक जमकर बारिश हुई। इससे शहर की सड़कें तालाब और तलैया बन गई। सुबह के समय ड्यूटी पर जाने वाले लोग बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे तो जो निकले वे बारिश के पानी में फंस गए।



जोधपुर में मूसलाधार बारिश से कई गाड़ियां पानी में बहती नजर आई।

जानकारी के अनुसार जोधपुर शहर के ड्रेनेज सिस्टम हर बार भारी बारिश में फेल हो जाता है, ऐसा ही आज भी हुआ। बनाड़ क्षेत्र के निवासी पहले से ही पानी में फंसे हुए और आज फिर जमकर हुई बारिश से वहां पर फिर पानी जमा हो गया है। शहर में आज शायद ही कोई ऐसा मार्ग बचा हो जहां पानी जमा ना हो। चहुंओर पानी ही पानी नजर आया। इस बार बाबा के दर्शनाथ आए हुए देशभर के हजारों जातरूओं को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि जगह जगह भण्डारे होने से उन्हें थोड़ी राहत मिल रही है।

जोधपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की रात्रि से हो रही कहीं-कहीं पर मूसलाधार बारिश के कारण जहां सड़कें तालाबों और बरसाती नालों का रूप ले चुकी है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची और पक्की आवासीय बस्तियों में बरसाती पानी भर गया। सुबह सालोड़ी क्षेत्र में हो रही भारी बरसात के कारण नदी नाले उफान पर हैं। निकटवर्ती चामुण्डा गांव की एक छात्रा सुबह परीक्षा के लिए बोलेरो में सवार होकर निकली मगर बोलेरो पानी में फंस गई और बहने लगी। तब आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत बचाव और राहत कार्य कर बोलेरो में सवार युवती और उसके दो परिजनों को तो बाहर निकाल दिया लेकिन बोलेरो बहकर चली गई। वहीं हर बार की तरह आज भी बनाड़ रोड़ पर बरसाती नाले के उफान पर आ जाने से गणेश होटल से लेकर बनाड़ तक का रास्ता दरिया बन गया। पुराने शहर में नवचौकिया से लेकर जालोरी गेट और आड़ा बाजार से लेकर मेड़ती गेट और नागौरी गेट, सूरसागर, चांदणा भाखर, हाऊसिंग बोर्ड, बासनी सांगरिया और लूणी तथा झंवर क्षेत्र में भी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई लोगों की

- भारी बारिश के कारण जोधपुर रेलवे स्टेशन पर पानी भरा, जीआरपी थाने में भी पानी घुस गया

गाड़ियां पानी में बह गई तो कईयों की गाड़ियां पानी में फंसने से बंद हो गई।

इधर भारी बारिश के कारण जोधपुर रेलवे स्टेशन पर भी पानी भरने के साथ राइकाबाग-जैसमलेर मार्ग पर तो पटरियों के नीचे से गिट्टी और मिट्टी बह जाने के कारण रेल यातायात को रोकना पड़ा जबकि सड़क यातायात भी बुरी तरह से प्रवाहित हो रखा है।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 4 ट्रेनें रद्द की गई है व दो को आंशिक रद्द किया गया है। भारी बारिश से रेलवे ट्रैक के नीचे से मिट्टी गिट्टी हटने से ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

रेलवे स्टेशन पर स्थित जीआरपी थाने में भी करीब एक से डेढ फुट तक पानी भर जाने के कारण वहां रखे कम्प्यूटर और अन्य सामान भी पानी से बचाने के लिए पुलिस कर्मी जतन करते देखे गए। वहीं शहर के महात्मा गांधी, मथुरादास माथुर अस्पताल और उम्मेद अस्पताल क्षेत्र में भी पानी भर गया।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी- रॉक फॉस्फेट, झामरकोटड़ा, पी.ओ.- झामरकोटड़ा-313015, वाया एवं जिला- उदयपुर (राजस्थान), ई मेल :- krishanbihari.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 03/09/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| Tender No. 12/24-25 दिनांक 31.08.2024 खोलने की दिनांक 25.09.2024 UBN No. MML2425SLOB00109 | झामरकोटड़ा के लिए किराय पर एम्बुलेंस चालक सहित लेने हेतु अनुमानित राशि 15,00,000/– लाख, धरोहर राशि 30000/– निविदा प्रपत्र मूल्य 590/–, प्रोसेसिंग फीस 1000/– रू. |

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा (डीसीएमओ झामरकोटड़ा डिस्पेंसरी) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/4708 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई**

क्रमांकः 1822-1831 दिनांकः 30.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 01/2024-25 खण्ड निवाई**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सडक/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए", "बी", "सी", "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code No.:-PWD2425A1359

UBN- 1. PWD2425WSOB04855, 2. PWD2425WSOB04857 3. PWD2425WSOB04858, 4. PWD2425WSOB04850

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड निवाई

DIPR/C/8139/2024

**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी / निलामी (ERCC XIII)/2024/ई-07947

**ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या-ERCC (XIII)2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क / अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी. आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 20 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(भगवती प्रसाद) IAS निदेशक

DIPR/C/8198/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड फालना**

E mail- eephedfalna@yahoo.com,ph-02938-233684

**ई-निविदा सूचना 77/2024-25**

राजस्थान के सरकार के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं अन्य मान्यता प्राप्त ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25.09.2024 को मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक ऑनलाईन बेची जाकर उसी दिनांक को मध्यान्ह पश्चात 2.00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को दोपहर 03:30 बजे तक उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जाने की कार्यवाही की जायेगी। धरोहर राशि फालना में देय किसी भी बैंक के Demand Draft ई-ग्रास चालान के रूप में स्वीकार्य होगी। उक्त निविदा की नियम व शर्त http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

शर्त-1. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास होगा। 2 निविदा बेचने एवं प्राप्ति के दिन यदि राजकीय अवकाश होगा तो निविदा दूसरे दिन बेची व प्राप्त की जायेगी।

| NIT NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 77 | PHE2425WSOB04200 |

(महेन्द्र सिंह राठौड) अधिशाषी अभियन्ता जन.स्वा.अभि.विभाग,खण्ड फालना

DIPR/C/8083/2024

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/99 - 101 Date : 03/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 27/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 430.70 लाख (02 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | : | 05.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 24.09.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 05.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 24.09.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 25.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00234, ITU2425WSOB00235

राज.संवाद/सी/24/4702 अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम उदयपुर विकास प्राधिकरण

**The Rajasthan Small Industries Corporation Ltd.**

(A Government of Rajasthan Undertaking) Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302 005 Phone: 0141-2227079, Fax: 0141-2227257 Website : industries.rajasthan.gov.in/rsicl E-mail : rajsico@rajasthan.gov.in CIN- U91110RJ1961SGC001118

**ई-निविदा सूचना 12/2024-25**

**Corrigendum**

निगम द्वारा ई–पोर्टल पर राजस्थली दिल्ली, कोलकाता एवं उदयपुर के QST काउन्टरों हेतु ई–निविदा क्रमांक 12/2024–25 दिनांक 13.08.2024 प्रकाशित की गई थी। इस क्रम में समाचार पत्रों में जारी निविदा सूचना में किन्ही कारणवश राजस्थली दिल्ली के राजस्थानी पेंटिग काउन्टर का नाम प्रकाशन होने से रह गया। अतः समस्त को सूचित करते हुए पूर्व में प्रकाशित निविदा सूचना एवं निविदा सूचनाओं में आंशिक संशोधन करते हुए केवल पेटिग काउन्टर UBN RSI2425SLOB00025 की निविदा प्राप्त करने की तिथि 10.09.2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक बढाई जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे खोली जावेगी। इसके नमूनों की जांच दिनांक 09.09.2024 के स्थान पर दिनांक 12.09.2024 को की जावेगी। अन्य शर्ते पूर्वानुसार रखी जावेगी।

पूर्ण जानकारी हेतु वैबसाइट eproc.rajasthan.gov.in; sppp.rajasthan.gov.in एवं industries.rajasthan.gov.in/rsicl देखे।

राज.संवाद/सी/24/4739 प्रबन्ध निदेशक

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

कॉरपोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)-यू40109आरजे2000एसजीसी016483 पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस,जोधपुर-342003, फोन न. :0291-2742264 फैक्स न. : 0291-2742064 ईमेल :- seciviljdvvnl@gmail.com, वेबसाईट :- http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl

**ई-निविदा सख्या 07/2024-25**

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा जो.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी, वस्तु एवं सेवाकर (GST) विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर; 9413359193/बाड़मेर; 9413359455 के अधीन विभिन्न सिविल निर्माण कार्यो के लिए ई–प्रोक्यरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, प्रकिया शुल्क, अमानत राशि, निविदा खोलने की तिथि व सामान्य अनुबन्ध की शर्ते आदि समस्त विवरण, वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। भविष्य में संशोधन/अवधि विस्तार, यदि कोई हो तो, उसकी सूचना http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित की जावेगी।

UBN No. : JVV2425WSOB00539, JVV2425WSOB00538, JVV2425WSOB00541, JVV2425WSOB00542, JVV2425WSOB00537, JVV2425WSOB00540

राज.संवाद/सी/24/4737 अधीक्षण अभियंता (सिविल) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत-जालोर**

Tel: 02973-223548, Email:secircle.jal.phed@rajasthan.gov.in/ sephedjalore@yahoo.com

क्रमांकः- वृत/जालोर / निविदा/ / 2024-25/1543 दिनांकः-29/08/2024

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 21-23/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों मे उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती हैः-

| बिड संख्या | NIB No.PHE2425A1922 | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21/ 2024-25 | UBIN No.......................... PHE2425WSRC04208 | 120.00 | 240000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 22/ 2024-25 | PHE2425WSRC04209 | 120.00 | 240000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 23/ 2024-25 | PHE2425WSRC04211 | 120.00 | 240000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | | | | 02.09.2024 | | |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | | | 16.09.2024 को 6.00 पी.एम. | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | | | | 17.09.2024 को 2.00 पी.एम. | | |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रमेश चन्द मीना) अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, वृत्त-जालोर

DIPR/C/8104/2024

**राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**Annual Rate Contract for Supply of Indigenous items की आपूर्ती हेतु दर संविदा (ई -बोली आंमत्रण सूचना संख्या 01/2024-25 (क्रमांक 127 दिनांक 02.09.2024))**

इस विश्वविद्यालय के अधीनस्थ ईकाइयों में Annual Rate Contract for Supply of Indigenous items की आपूर्ती हेतु दो कवर बिड (तकनीकी व वित्तीय बिड) से ऑनलाइन ई–बोली आमंत्रित की जाती है, जिसमें पंजीकृत फर्मो हेतु डी.एस.सी. के माध्यम से दिनांक 03.09.2024 से 23.09.2024 को सांय 5.00 बजे तक बोली प्रपत्र डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। UBN VAU2425GSRC00065 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट htttp//sppp.raj.nic.in विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/4714 वित नियंत्रक

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत (उत्तर), पानीपेच, जयपुर**

क्रमांकः-अअ/नवृ (30)/2024-25/3076-3095 दिनांकः- 02.09.2024

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत संवेदको जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हेतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वैबसाईट पर देख सकते है।

1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in (Online) (2) http://sppp.rajasthan.gov.in

| S.No. | NIT Number | UBN Code |
|---|---|---|
| 1. | 01/2024-25 | PHE 2425 WSOB04266 |

(भवानी सिंह शेखावत) अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत (उ.), जयपुर

DIPR/C/8196/2024

**कार्यालय नगरपालिका नसीराबाद, जिला अजमेर (राज.)**

E-mail : nasirabadnagarpalika@gmail.com PH. NO. 01491-297191

क्रमांक : न.पा.न./निर्माण/2024–25/1532 दिनांक : 02.09.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या (07/2024–25)**

**(NIB NUMBER - DLB2425A2238)**

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा के कुल कार्य – 08 (आठ)

UBN NO. :– 1. DLB2425WSRC07235, 2. DLB2425WSRC07236 3. DLB2425WSRC07237, 4. DLB2425WSRC07239 5. DLB2425WSRC07240, 6. DLB2425WSRC07241 7. DLB2425WSRC07242, 8. DLB2425WSRC07244

राज.संवाद/सी/24/4681 अधिशाषी अधिकारी